

सटीक नजर-सबकी खबर

INDIA TIMER

# इंडिया टाइमर

www.indiatimer.com | indiatimer1@gmail.com | indiatimer1 | वर्ष : 12 || अंक : 1 || जींद 5 जुलाई 2025 || पृष्ठ : 4 || मूल्य : 3 रुपए | INDIATIMER | @indiatimer1



इंडिया टाइमर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

मोबाइल : 9050007221 9467504707


# नए शैक्षणिक सत्र के लिए सीआरएसयू हुआ तैयार



## वाइस चांसलर, अधिकारियों की एक्सरसाइज की ले रहे रिपोर्ट

संजय शर्मा

**जींद(इंडिया टाइमर):** नए शैक्षणिक सत्र के लिए चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालयए यानी सीआरएसयू तैयार हो चला है। शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय शीर्ष पर पहुंचे इसके लिए खुद वाइस चांसलर डॉ. रामपाल सैनी पूरी संजीदगी दिखाते हुए अधिकारियों की एक्सरसाइज की रिपोर्ट ले रहे हैं। वाइस चांसलर डॉ. रामपाल सैनी ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कहा कि विद्यार्थियों में विशेष उत्साह बना हुआ है। विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर, यूजी, के पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें विधि संकाय के बीएएलएलबी, ऑनर्स पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर 229 आवेदन, व्यवसाय प्रबंधन, बीबीए, एनईपी 2020 की 60 सीटों पर 172 आवेदन तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग ;बीसीए . एनईपी 2020 की 30 सीटों पर 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर, पीजी पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें शारीरिक शिक्षा स्नातक, बीपीएड की 50 सीटों पर 129 आवेदन तथा शारीरिक शिक्षा परास्नातक,एमपीएड की 40 सीटों पर 146 आवेदन सम्मिलित हैं। डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों पर विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और हम सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा व समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। प्रो. सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसके रुचि क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उचित मंच प्रदान करना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है, ताकि कोई भी इच्छुक विद्यार्थी अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक निर्णय ले रहा है। निदेशक, जनसंपर्क विभाग, डॉ विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालयए जींद में शैक्षणिक सत्र 2025.26 के लिए सभी पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन पोर्टल 7 जून 2025 को खोला गया है। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 9 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शाम 5 बजे तक आवेदन करना अनिवार्य है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं 16 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएंगीए जिनका परिणाम 19 जुलाई 2025 को घोषित किया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत एमपीए, पुरुष तथा बीपीएड, पुरुष की परीक्षाएं 14 जुलाई 2025 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएंगी। वहीं एमपीएड, महिला एवं बीपीएड, महिला, की परीक्षाएं 15 जुलाई 2025 को प्रातः 9 बजे से आयोजित की जाएंगी। प्रथम मेरिट सूची 21 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे जारी की जाएगी। इस सूची के आधार पर दस्तावेज़ सत्यापन एवं शुल्क जमा की प्रक्रिया 21 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक की जाएगीए जो सायं 4 बजे तक पूर्ण करनी होगी। जिन विद्यार्थियों का शुल्क 22 जुलाई तक पुष्टि नहीं हो पाया हैए उनके लिए 23 जुलाई 2025 को शाम 4बजे तक अंतिम अवसर दिया जाएगा। द्वितीय मेरिट सूची 24 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे प्रकाशित की जाएगीए जिसके अनुसार 24 और 25 जुलाई 2025 को शाम 4 बजे तक दस्तावेज़ सत्यापन व शुल्क जमा किया जा सकेगा। इस चरण में भी यदि किसी विद्यार्थी का शुल्क 25 जुलाई तक पुष्ट नहीं होता हैए तो उसे 28 जुलाई 2025 को शाम 4 बजे तक अंतिम अवसर दिया जाएगा। यदि कुछ पाठ्यक्रमों में सीटें शेष रह जाती हैं, तो उनकी जानकारी 29 जुलाई 2025 को साझा की जाएगी। इन रिक्त सीटों हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति 30 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे ली जाएगी। उसी दिन शाम 4 बजे भौतिक उपस्थिति के आधार पर मेरिट सूची प्रदर्शित की जाएगी। इसके पश्चात दस्तावेज़ सत्यापन एवं शुल्क जमा की अंतिम प्रक्रिया 1 अगस्त 2025 को शाम 4 बजे तक पूरी की जाएगी। यदि 1 अगस्त तक भी शुल्क की पुष्टि नहीं हो पाती हैए तो अंतिम पुष्टि की तिथि 4 अगस्त 2025 सायं 4 बजे तक निश्चित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को यह परामर्श दिया है कि वे प्रवेश से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**छात्रों की मांग पर बढ़ाई है आवेदन की तारीख : डॉ. रामपाल सैनी**

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 05.07.2025

भास्कर खास सीआरएसयू: यूजी के लिए प्रवेश परीक्षा 16 और 17 जुलाई को होगी

# सीआरएसयू में यूजी दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 9 तक, 210 सीटों पर 703 ने किया अप्लाई

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। छात्रों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्नातक पाठ्यक्रमों की 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन मिले हैं। बीएएलएलबी (ऑनर्स) की 60 सीटों पर 229 आवेदन आए हैं। बीबीए (एनईपी 2020) की 60 सीटों पर 172 आवेदन हुए हैं। बीसीए (एनईपी 2020) की 30 सीटों पर 197 छात्रों ने आवेदन किया है।स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की 1185 सीटों के लिए 1467 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीपीएड की 50 सीटों पर 129 आवेदन आए हैं। एमपीएड की 40 सीटों पर 146 छात्रों ने आवेदन किया है। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि छात्रों की मांग को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय हर निर्णय में छात्रों के हित को प्राथमिकता दे रहा है।

## 30 जुलाई को जारी की जाएगी मेरिट लिस्ट

जनसंपर्क विभाग के निदेशक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 7 जून को खोला गया था। आवेदन की अंतिम तिथि 9 जुलाई शाम 5 बजे तक तय की गई है। प्रवेश परीक्षाएं 16 और 17 जुलाई को होंगी। परिणाम 19 जुलाई को जारी किया जाएगा। एमपीएड (पुरुष) और बीपीएड (पुरुष) की शारीरिक दक्षता परीक्षा 14 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। एमपीएड (महिला) और बीपीएड (महिला) की परीक्षा 15 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी। प्रथम मेरिट सूची 21 जुलाई को सुबह 10 बजे जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन और शुल्क जमा 21 और 22 जुलाई को शाम 4 बजे तक करना होगा। जिनका शुल्क 22 जुलाई तक पुष्टि नहीं हो पाया है, उन्हें 23 जुलाई शाम 4 बजे तक अंतिम मौका मिलेगा। द्वितीय मेरिट सूची 24 जुलाई को सुबह 10 बजे जारी होगी। इसके आधार पर 24 और 25 जुलाई को शाम 4 बजे तक दस्तावेज सत्यापन और शुल्क जमा किया जा सकेगा। शुल्क की पुष्टि न होने पर 28 जुलाई शाम 4 बजे तक अंतिम अवसर मिलेगा। यदि कुछ पाठ्यक्रमों में सीटें बचती हैं, तो उनकी जानकारी 29 जुलाई को दी जाएगी। इन सीटों के लिए पंजीकृत छात्रों की भौतिक उपस्थिति 30 जुलाई को सुबह 11 बजे ली जाएगी। उसी दिन शाम 4 बजे मेरिट सूची जारी की जाएगी। अंतिम दस्तावेज सत्यापन और शुल्क जमा की प्रक्रिया 1 अगस्त को शाम 4 बजे तक पूरी करनी होगी। यदि शुल्क की पुष्टि नहीं हो पाती है, तो अंतिम तिथि 4 अगस्त शाम 4 बजे तक तय की गई है।

हरिभूमि

Date: 05.07.2025

# सीआरएसयू में नौ तक करें ऑनलाइन आवेदन



जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर (यूजी) के पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विधि संकाय के बीए एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर 229 आवेदन, व्यवसाय प्रबंधन (बीबीए एनईपी 2020) की 60 सीटों पर 172 आवेदन तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग (बीसीए एनईपी 2020) की 30 सीटों पर 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें शारीरिक शिक्षा स्नातक बीपी एड की 50 सीटों पर 129 आवेदन तथा शारीरिक शिक्षा परास्नातक (एमपीएड) की 40 सीटों पर 146 आवेदन सम्मिलित हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों पर विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और हम सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा व समग्र विकास हेतु सतत प्रयासरत हैं। प्रो. सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसके रुचि क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उचित मंच प्रदान करना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है ताकि कोई भी इच्छुक विद्यार्थी अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक निर्णय ले रहा है।

पंजाब केसरी

Date: 05.07.2025

# सी.आर.एस.यू. में 9 तक किए जा सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

## ■ यू.जी. की 210 सीटों के लिए अब तक पहुंचे 703 आवेदन



सी.आर.एस.यू., जिसमें 9 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन होंगे।

जींद, 4 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर (यू.जी.) के पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीटों के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इनमें विधि संकाय के बी.ए. एल.एल.बी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर 229 आवेदन, व्यवसाय प्रबंधन (बी.बी.ए. - एन.ई.पी. 2020) की 60 सीटों पर 172 आवेदन तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग (बी.सी.ए. - एन.ई.पी. 2020) की 30 सीटों पर 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर (पी.जी.) पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें शारीरिक शिक्षा स्नातक (बी.पी.एड.) की 50 सीटों पर 129 आवेदन तथा शारीरिक शिक्षा परास्नातक (एम.पी.एड.) की 40 सीटों पर 146 आवेदन सम्मिलित हैं।



वीसी प्रो. डॉ. रामपाल सैनी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों पर विश्वास का प्रतीक है। प्रो. सैनी ने कहा बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढाई है, ताकि कोई भी इच्छुक विद्यार्थी अवसर से वंचित न रह जाए।

जनसंपर्क विभाग के निदेशक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सभी पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन पोर्टल 7 जून को खोला गया है। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 9 जुलाई निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शाम 5:00 बजे तक आवेदन करना अनिवार्य है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं 16 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएंगी, जिनका परिणाम 19 जुलाई 2025 को घोषित किया जाएगा।

शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी.ई.टी.) के अंतर्गत एम.पी.एड. (पुरुष) तथा बी.पी.एड. (पुरुष) की परीक्षाएं 14 जुलाई 2025 को प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। वहीं एम.पी.एड. (महिला) एवं बी.पी.एड. (महिला) की परीक्षाएं 15 जुलाई 2025 को प्रात: 9:00 बजे से आयोजित की जाएंगी।

**21 को जारी होगी प्रथम मैरिट सूची :** प्रथम मैरिट सूची 21 जुलाई 2025 को प्रात: 10:00 बजे जारी की जाएगी। इस सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा की प्रक्रिया 21 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक की जाएगी, जो सायं 4:00 बजे तक पूर्ण करनी होगी। जिन विद्यार्थियों का शुल्क 22 जुलाई तक पुष्टि नहीं हो पाया है, उनके लिए 23 जुलाई 2025 को शाम 4:00 बजे तक अंतिम अवसर दिया जाएगा।

द्वितीय मैरिट सूची 24 जुलाई 2025 को प्रात: 10:00 बजे प्रकाशित की जाएगी, जिसके अनुसार 24 और 25 जुलाई 2025 को शाम 4:00 बजे तक दस्तावेज सत्यापन व शुल्क जमा किया जा सकेगा। इस चरण में भी यदि किसी विद्यार्थी का शुल्क 25 जुलाई तक पुष्ट नहीं होता है, तो उसे 28 जुलाई 2025 को शाम 4:00 बजे तक अंतिम अवसर दिया जाएगा। यदि कुछ पाठ्यक्रमों में सीटें शेष रह जाती हैं, तो उनकी जानकारी 29 जुलाई 2025 को सांझा की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट पर नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

जागरण

Date: 05.07.2025

# सीआरएसयू में प्रवेश आवेदन के लिए आवेदन नौ तक

**जागरण संवाददाता • जींद :** सीआरएसयू में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। नौ जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 210 सीट के लिए अब तक 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एलएलबी आनर्स पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर 229 आवेदन प्राप्त हुए हैं। व्यवसाय प्रबंधन की 60 सीटों पर 172 आवेदन व बीसीए – एनईपी की 30 सीटों पर 197 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पीजी पाठ्यक्रमों में कुल 1185 सीटों के लिए 1467 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। कुलपति प्रोफेसर डा. रामपाल सैनी ने कहा कि नौ जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।